दो हत्यारों को उम्रकैद की सजा

टोंक, (निसं)। हत्या के आरोप में एससी/एसटी कोर्ट ने एक युवक और उसके दोस्त को उम्रकैद की सजा सुनाई है। घटना 4 अप्रैल 2024 की है, जहां युवक ने अपनी प्रेमिका के पति की शराब की बोतल से गला काटकर हत्या की गई थी। इसके बाद उसके शव को कुएं में फेंक कर फरार हो गया था। मामले में मृतक युवक की मां ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत सहायता राशि देने की मांग भी की है, जिस पर कोर्ट ने सजा सुनाते हुए हत्यारों पर 2 लाख का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपी युवक का मृतक की पत्नी से अवैध संबंध था, जिसके चलते युवक ने पति को अवैध संबंधों में बाधक मान अपने दोस्त के साथ मिलकर शराब की बोतल तोड़ उससे गला रेत हत्या कर दी थी।

जेईएन के लिए 17 हजार की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने पर जेवीएनएल कनिष्ठ अभियंता तेजसिंह फरार हो गया

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलवर प्रथम टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए जेवीएनएल कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) तेज सिंह के कहे अनुसार उसके दलाल फूलसिंह को परिवादी से 17 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने पर जेईएन तेजसिंह मौके से फरार हो गया। जिसकी एसीबी की टीम तलाश कर रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी अलवर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके घर के पास शिवजी का मंदिर है और दस सितम्बर को पिनान जीएसएस का जेईएन तेज सिंह परिवादी के घर आए और उससे कहा कि तुम लोगों ने मंदिर में बिना मीटर के विद्युत का सीधा कनेक्शन कर रखा है। जेईएन तेज सिंह ने परिवादी को साइड में ले जाकर कहा कि तुमने मंदिर में चोरी की लाइट लगा रखी है या तो तुम अभी तीस हजार रूपये दो अन्यथा एक लाख रुपये की वीसीआर भर देंगे। परिवादी ने जेईएन से कहा कि इस कनेक्शन से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह तो मंदिर में आने-जाने वालों के लिए

एसीबी की टीम ने आरोपी दलाल फूल सिंह को रिश्वत के आरोप में पकड़ा।

लाइट लगा रखी है। घर के इनवर्टर से मंदिर की लाइट को जोड़ रखा है। उनके घर का तो अलग से कनेक्शन ले रखा है। परन्तु जेईएन तेजसिंह ने धमकी दी कि यदि तुम 30 हजार रुपये कल तक नहीं दोगे तो वह एक लाख की वीसीआर भर देगा। जेईएन तेजसिंह ने वीसीआर डर दिखाते हुए पांच हजार रुपये

- एक लाख की वीसीआर भरने की धमकी देकर कनिष्ठ अभियंता ने 30 हजार रुपये मांगे थे
- जेईएन तेजसिंह ने वीसीआर का डर दिखाते हुए पांच हजार रुपये तो उसी समय ले लिए और जाते हुए कहा कि 25 हजार रुपये नहीं लाया तो वीसीआर भर देगा

तो उसी समय ले लिए और जाते हुए कहा 25 हजार रुपये नहीं लाया तो वीसीआर भर देगा। उक्त वीसीआर नहीं भरने के नाम पर 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है, जिस पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम प्रभारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएलओ महेन्द्र कुमार ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपित जेईएन के दलाल फूल सिंह को 17 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 04/2025
सेक्शन कंट्रोलर के विभिन्न पदों की भर्ती

सांकेतिक सूचना

नीचे दी गई तालिका में दिए गए सेक्शन कंट्रोलर के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14.10.2025 है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

आवेदन शुरू होने की तिथि : 15.09.2025
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 14.10.2025 (23:59 घंटे)

पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	प्रारंभिक (रु)	चिकित्सा मानक	01.01.2026 को आयु	कुल रिक्तियां (आरआरबी)
सेक्शन कंट्रोलर	6	35400	ए2	20–33	368

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण सत्यापित करें, ताकि गैर–आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के हर चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और अतिरिक्त देरी से बचा जा सके। आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए, आधार में नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा पास प्रमाण पत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि के साथ 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाएगा। इसी तरह, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट करना होगा।

यह अधिसूचना पूरी तरह से सांकेतिक प्रकृति की है। पूर्ण विवरण के लिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत सीईएन संख्या 04/2025 (सेक्शन कंट्रोलर) को अच्छी तरह से पढ़ें। विस्तृत सीईएन–04/2025 और उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय–समय पर नीचे सूचीबद्ध आरआरबी की वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

सीएन संख्या 04/2025 में भाग लेने वाले सभी आरआरबी वेबसाइटें निम्नलिखित हैं

Ahmedabad www.rrbahmedabad.gov.in	Guwahati www.rrbguwahati.gov.in	Prayagraj www.rrbald.gov.in
Ajmer www.rrbajmer.gov.in	Jammu Srinagar www.rrbjammu.nic.in	Ranchi www.rrbranchi.gov.in
Bhopal www.rrbbhopal.gov.in	Kolkata www.rrbkolkata.gov.in	Secunderabad www.rrbsecunderabad.gov.in
Bhubaneswar www.rrbbbs.gov.in	Malda www.rrbmalda.gov.in	Siliguri www.rrbsiliguri.gov.in
Bilaspur www.rrbbilaspur.gov.in	Mumbai www.rrbmumbai.gov.in	Bengaluru www.rrbbnc.gov.in
Chandigarh www.rrbcdg.gov.in	Muzaffarpur www.rrbmuzaffarpur.gov.in	Gorakhpur www.rrbgkp.gov.in
Chennai www.rrbchennai.gov.in	Patna www.rrbpatna.gov.in	Thiruvananthapuram www.rrbthiruvananthapuram.gov.in

संख्या आरआरबी/अज/एडीवीटी/04/2025
दिनांक: 13.09.2025
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।

कार्यालय नगर परिषद बून्दी

क्रमांकः– 6814 दिनांकः– 11.09.2025

–:: निविदा सूचना ::–

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: न0प0बू0/निर्माण/2025–26/6809 दिनांक 10/09/2025 की निविदा दिनांक 11/09/2025 से दिनांक 23/09/2025 6.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 24/09/2025 को 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 24/09/2025 को 4.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526WSOB17436 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/9982 आयुक्त नगर परिषद, बून्दी

कार्यालय नगर परिषद झालावाड़ (राज0)

क्रमांक :- न.परि.झा./लाईट/2025/3546 दिनांक :- 10/09/2025

ई-निविदा

नगरपरिषद झालावाड़ द्वारा वित्तिय वर्ष 2025–26 हेतु विभिन्न अभियांत्रिकी विभागो में उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से नगरीय क्षेत्र झालावाड में सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था संधारण कार्य (O&M) 2025-26 हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व प्राप्त किये जा सकेंगे।

UBN No.: DLB2526WSOB17290

राज.संवाद/सी/25/9862 आयुक्त, नगर परिषद झालावाड़

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.
गांधी उद्यान–ब्यावर रोड़, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर – 01462–230051 ई–मेल :– npvijaynagar@gmail.com

ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 17/2025–26

नगर पालिका बिजयनगर द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से सिविल कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रीया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 17/2025–2026 के कार्य संख्या 01 की अनुमानित लागत 11.31 लाख है। ऑन लाईन निविदाए दिनांक 12–09–2025 से 22–09–2025 समय सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 23–09–2025 को निविदा शुल्क, अमानत राशि एंव प्रोसेसिंग शुल्क की डी.डी. भौतिक रूप से समय 12:00 PM तक कार्यालय में जमा कराई जा सकती है। ऑन लाईन निविदा की ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक 24–09–2025 समय प्रातः 10:00 बजे खोली जायेगी। अधिक जानकारी वेबसाईट https://sppp.raj.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

UNB Reference No:-DLB2526A5742

राज.संवाद/सी/25/9941 अधिशाषी अधिकारी

OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER WATER RESOURCES ZONE, JAIPUR
Sinchai Bhavan. J.L.N. marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail-acejpr.wr@gmail.com

No. F(406)/ACE/JPR/Acctts/2025-26/2867 Date: 29.08.2025

e-NIB NO. 19/2025-26

On behaalf of the Governor of Rajasthan.bids are invited from eligible bidders for the work of-
1. Rehabilitation of Mohanpura Irrigation Project District Karauli (Estimated value of work is Rs. 418.63 Lac)

Last date of submission of Bid is 24.09.2025. Detailed Bid & Bid document can be seen on & downloaded from official website (https://eproc.rajasthan.gov.in, & http://sppp.raj.nic.in)
NIB CODE NO. WRD2526A0380, UBN NO. WRD2526WSOB00922

DIPR/C/12991/2025 Additional Chief Engineer WRD Zone Jaipur

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम, जोधपुर

क्रमांक-9099 दिनांक-02.09.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-21 वर्ष 2025-26
NIB NO. PWD2526A3056

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जालौर शहर की रिंग रोड निर्माण हेतु डीपीआर के कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रूपये 80.00 लाख है अत उक्त कार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB NO. PWD2526A3056,
UBN NO. PWD2526SLOB11459
DIPR/C/13068/2025

(नेमी चन्द शर्मा)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता,
सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/138 - 140 Date :- 11/09/2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 37/2025-26

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटि अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 39.62 लाख (01 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	12.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 18.09.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	12.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 18.09.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	19.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526WSOB00251

राज.संवाद/सी/25/9900 अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत उदयपुर विकास प्राधिकरण

डंपर ने बाइक को टक्कर मारी, दो युवकों की मौत

अलवर, (निसं)। अलवर के टहला में तेजाला स्टैंड पर शुक्रवार दोपहर डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद दोनों मृतकों के शव टहला हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाए गए। घटना की सूचना के बाद मृतकों के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। परिजनों ने डंपर ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर तेजाला रोड पर जाम लगा दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टहला से तेजाला रोड पर डंपर ने सामने से बाइक को टक्कर मारी थी। घटना के बाद मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ ने एंबुलेंस को फोन करके बुलाया और टहला दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दोनों मृतकों की पहचान ककराली रामपुरा निवासी जगरूप गुर्जर पुत्र प्रभुदयाल

गुस्साए परिजनों ने सड़क पर जाम लगाकर ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग की

गुर्जर और कमलेश पुत्र रामहेत गुर्जर के रूप में हुई। फिलहाल परिजनों का सड़क जाम व प्रदर्शन जारी था। पुलिस परिजनों से समझाइश के प्रयास कर रही है। वहीं पुलिस ने डंपर ड्राइवर को पकड़ने के लिए पुलिस ने सर्च शुरू किया है।

युवक की हत्या करने वालों को आजीवन जेल

अलवर, (निसं)। युवक की हत्या करने वाले 4 आरोपियों को आजीवन जेल की सजा सुनाई है। चारों ने युवक को घेरकर चाकू घोंपा था। हत्या के दो साल बाद अलवर के विशिष्ट कोर्ट ने आरोपियों की सजा का फैसला सुनाया। वहीं आर्थिक दंड से भी दंडित किया है। सरकारी वकील योगेंद्र सिंह खटाना ने बताया कि हत्या की वारदात खैरथल के खिरगची गांव के बस स्टैंड की है। जज एससी एसटी अनीता सिंघल ने आरोपी खैरथल के मुन्फेद, करण सिंह, हेमंत उर्फ गोलू और उमरसैद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के सामने 27 गवाह पेश किए गए। मामले में 19 अक्टूबर 2023 को परिवादी अशोक कुमार ने खैरथल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उनका बेटा योगेंद्र अपने दोस्त अमित के साथ कहीं जा रहा था। रास्ते में तीन बाइक पर 8 से 9 लोगों ने आकर चाकूओं से अमित की हत्या कर दी। उस समय खैरथल थाने में 6 के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई थी।

सेना व पुलिस ने कपड़ों की दुकानों पर छापे मारे

दुकानों से सेना की वर्दी का कपड़ा बरामद किया

बीकानेर, (निसं)। मिलिट्री इंटेलीजेंस और कोटगेट पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कपड़ों की कुछ दुकानों पर छापे मारकर सेना की वर्दी का कपड़ा बरामद किया है। बाजार में खुलेआम सेना की वर्दी का कपड़ा बिक रहा है। हर कोई इस कपड़े का उपयोग कर वस्त्र बनवा रहे हैं। इसे देखते हुए मिलिट्री इंटेलिजेंस शहर में कपड़े की दुकानों पर जाकर कई दिन तक रेकी की थी।

कोलगेट पुलिस को साथ लेकर इंटेलिजेंस ने सुभाष मार्ग और कोटगेट पर स्थित कपड़ा व्यापारियों के यहां करवाई की। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस इस मामले में फिलहाल किसी भी दुकानदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मिलिट्री इंटेलिजेंस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सेना की वर्दी का कपड़ा खुले बाजार में बेचना केंद्र सरकार की गाइडलाइंस के खिलाफ है। बिना अनुमति ऐसे कपड़े की बिक्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। सेना की वर्दी को दोहराना या बिना निगरानी बेचना प्रतिबंधित है। इसकी खुली बिक्री से आतंकियों या असामाजिक तत्वों को फायदा मिल सकता है, जो सैनिक बनकर घुसपैठ, आतंकी हमले या तोड़फोड़ कर सकते हैं। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि वर्दी केवल पहनावे का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय सेना की पहचान और जनता का विश्वास है। उसका दुरुपयोग पूरे सुरक्षा ढांचे को खतरे में डाल सकता है।फिलहाल कपड़े का स्टॉक पुलिस और सैन्य अधिकारियों की निगरानी में रखा गया है।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर (राज0)
E-Mail:-sambharnagarpalika@gmail.com Phone No. 01425-228245

क्रमांकः– न.पा.सा./भू.वि./2025–26/1299 दिनांक :– 10.09.2025

ई–ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड भूमि नीलामी सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र के नवीन न्यायालयों के पास सांभर–नावां बायपास सड़क मार्ग पर स्थित निकाय की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना "जागेश्वर विहार" सांभर लेक में स्थित आवासीय/व्यावसायिक भूखण्डों का नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेंगे। निलामी से सम्बन्धित नियम/शर्ते मानचित्र एवं निलामी से सम्बन्धित अन्य जानकारी https://lsgeauction.rajasthan.gov.in (SSO ID के माध्यम से) देखी जा सकती है। सम्पर्क सूत्र श्री दिनेश कुमार कावंत (9413238132) कनिष्ठ अभियन्ता एवं श्री गणेश नारायण शर्मा कनिष्ठ लिपिक (7568267461) नगरपालिका सांभर रहेगें। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होगें उसी स्थिति में विक्रय किये जायेगें। जिनका विवरण निम्न हैं :–

क्र0 सं0	योजना का नाम	भूखण्ड/दुकान संख्या	नाप क्रमशः (भूखण्ड संख्या अनुसार वर्गगज में)	न्यूनतम निर्धारित दर प्रति वर्ग मीटर	तादाद	आवासीय/व्यावसायिक	धरोहर राशि प्रति भूखण्ड/दुकान	बोली प्रकिया/आवेदन शुल्क	निलामी तिथि
1	जागेश्वर विहार	S-1	23.34 वर्ग मीटर कॉर्नर	10000	07 दुकान	व्यावसायिक	25000	1000/– प्रति भूखण्ड	06.10.2025 से 08.10.2025
		S-2	18.00 वर्ग मीटर						
		S-3	18.00 वर्ग मीटर						
		S-4	18.00 वर्ग मीटर						
		S-5	18.00 वर्ग मीटर						
		S-6	18.00 वर्ग मीटर						
		S-7	18.00 वर्ग मीटर						
2	जागेश्वर विहार	P. No.01	42.53 वर्ग मीटर	5000	08 प्लाट	आवासीय	10,000	1000/– प्रति भूखण्ड	
		P. No.02	47.26 वर्ग मीटर						
		P. No.03	60.75 वर्ग मीटर						
		P. No.04	73.83 वर्ग मीटर						
		P. No.05	83.07 वर्ग मीटर						
		P. No.06	76.29 वर्ग मीटर						
		P. No.07	82.71 वर्ग मीटर						
		P. No.09	171.02 वर्ग मीटर (कॉर्नर)						
3	जागेश्वर विहार	P. No.10	140.38 वर्ग मीटर (कॉर्नर)	5000	04 प्लाट	आवासीय	10,000	1000/– प्रति भूखण्ड	
		P. No.11	83.98 वर्ग मीटर						
		P. No.12	79.08 वर्ग मीटर						
		P. No.13	88.19 वर्ग मीटर						
4	जागेश्वर विहार	P. No.14	80.86 वर्ग मीटर	5000	04 प्लाट	आवासीय	10,000	1000/– प्रति भूखण्ड	06.10.2025 से 08.10.2025
		P. No.15	68.94 वर्ग मीटर						
		P. No.16	54.60 वर्ग मीटर						
		P. No.17	49.86 वर्ग मीटर						
5	जागेश्वर विहार	P. No.18	82.66 वर्ग मीटर कॉर्नर	5000	7 प्लाट	आवासीय	10,000	1000/– प्रति भूखण्ड	
		P. No.19	80.92 वर्ग मीटर						
		P. No.20	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.21	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.22	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.23	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.24	128.20 वर्ग मीटर						
6	जागेश्वर विहार	P. No.25	108.51 वर्ग मीटर	5000	8 प्लाट	आवासीय	10,000	1000/– प्रति भूखण्ड	
		P. No.26	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.27	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.28	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.29	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.30	80.93 वर्ग मीटर						
		P. No.31	127.62 वर्ग मीटर कॉर्नर						
		P. No.33	62.89वर्ग मीटर						
		P. No.42	104.69 वर्ग मीटर						
		P. No.43	88.22 वर्ग मीटर						
		P. No.44	77.97 वर्ग मीटर						
		P. No.45	79.51 वर्ग मीटर						
		P. No.46	52.81 वर्ग मीटर						

ई– नीलामी संबंधित समय व दिनांक का विवरणः–
ई– नीलामी से संबंधित विवरण व शर्ते वेबसाईट https://lsgeauction.rajasthan.gov.in व ई– ऑक्शन एप्लीकेशन (E-Auction application) के माध्यम से देखी जा सकती है।

निलामी दिनांक 06.10.2025 से 08.10.2025 का विवरण

विवरण	दिनांक व समय
ई– नीलामी आवेदन डाउनलोड करने की तारिख	26.09.2025 रात 12 बजे से 05.10.2025 सायं 6.00 बजे तक
ई– नीलामी में भाग लेने हेतु अमानता राशि जमा करवाने की तारीख	29.09.2025 रात 12 बजे से 05.10.2025 सायं 6.00 बजे तक
ई–नीलामी की तारीख	06.10.2025 प्रातः 10.00 बजे से 08.10.2025 सायं 4.00 बजे तक

निलामी शर्ते :–
1. यह भूमि विक्रय राज.न.पा. भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम से संशोधन 2 के 2019 व उसके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही हैं।
2. इच्छुक बोलीदाता की अपनी स्वयं की SSO ID होना अनिवार्य है। निलामी बोलीदाता निलामी भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि अपनी SSO ID से G2c ऐप में LSG E-AUCTION लिंक पर अपनी प्रोफाईल बनाकर जमा करवाकर ही निलामी में भाग ले सकते है। निलामी से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
3. बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित अमानता पृथक–पृथक जमा होने पर बोली में भाग ले सकेगें। उक्त धरोहर (अमानता) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
4. नीलामी बोली में कॉर्नर प्लाट पर अन्तिम नीलामी बोली की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
5. जिस व्यक्ति के नाम अमानता राशि की रसीद कटेगी। पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जायेगा। नाम में किसी प्रकार का संशोधन नही किया जायेगा।
6. उच्चतम बोली लगाने वाले को निलामी की दिनाँक से तीन कार्य दिवसों के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त राशि जमा करवाने में विफलता के कारण बोलीदाता द्वारा जमा करवायी गई अमानता राशि जब्त कर ली जायेंगी और भूमि की निलामी स्वचालित रूप से रद्द मानी जावेगी।
7. सफल बोलीदाता द्वारा बोली का बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी तिथि से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होग तथा शेष 50 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 180 दिनो में जमा करवाना अनिवार्य होगी। विफल रहने पर 18 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा। बोली दाता डिमांण्ड नोटिस की तारीख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि करवाता है तो 01 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी।
8. भूखण्ड आवासीय/व्यवसायिक 99 वर्षीय लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेंट के आधार पर विक्रय किये जायेगें। जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यावसायिक की 5 प्रतिशत व आवासीय की 2.50 प्रतिशत नियमानुसार केता को जमा करानी होगी।
9. लीज–डीड शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसके स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय केता का होगा
10. बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता/अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांभर लेक के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा
11. भूमि का मानचित्र एवं शर्ते प्रतिबन्धों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
12. उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी।
13. ई–निलामी बोली दौरान किसी भी भूखण्ड में किसी भी प्रकार का यदि कोई वाद–विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उस भूखण्ड की बोली स्थगित/निरस्त करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी सांभर लेक में निहित होगा।
14. ई–निलामी बोली में असफल रहने वाले बोलीदाताओं की अमानता राशि 15 दिवस में स्वतः ही नगरपालिका द्वारा उनके खाते में स्थानान्तरित की जावेगी। असफल बोलीदाताओं को पृथक से कोई आवेदन करने की आवश्यकता नही होगी।
15. तीन वर्ष की अवधी के अन्दर नियमों के अन्तर्गत मानचित्र स्वीकृत कराकर केता को भवन निर्माण करना होगा। यदि तीन वर्ष की अवधी में भवन निर्माण नहीं कराया गया तो जमा करायी गयी राशि को बगैर लौटाये पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जाकर पुनः निलामी की कार्यवाही की जावेगी।
16. ई–ऑक्शन में अधिकतम दर ही स्वीकार की जावेगी। उपरोक्त वर्णित भूखण्डों की निलामी बोली 100/–रू के गुणांक में बढाकर लगाये जाने पर ही स्वीकार होगी।
17. आवासीय भूखण्ड कि दर 5000 रूपये प्रति वर्गमीटर व व्यवसायिक भूखण्ड कि दर 10000 रूपये प्रति वर्गमीटर नियत है।
18. अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नगर पालिका सांभर लेक में सम्पर्क करें। सम्पर्क सूत्र श्री गोपाल सिंह पंवार, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, नगर पालिका सांभर लेक (मो. नं. 9460501691)

नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक निर्देश :–
1. नगर पालिका सांभर लेक द्वारा आयोजित आवासीय भूखण्डों की ई–नीलामी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु नगर पालिका सांभर लेक की वेबसाईट पर जाने हेतु https://lsgeauction.rajasthan.gov.in पर क्लिक करें।
2. इसके पश्चात् ई–नीलामी में ऑनलाईन भाग लेने के लिए क्लिक करें– जिसके उपरान्त SSO ID विन्डो ओपन होगी।
3. SSO ID से Login कर Lsg-E-Auction Portal पर अपनी प्रोफाईल बनाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।
4. रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए दूरभाष नं. श्री दलपत सिंह राठौड़, कनिष्ठ सहायक, 9549496666, श्री रणजीत रैबारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर (सविंदाकर्मी), 9351176961 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं। ई–नीलामी पोर्टल पर आवेदक को अपनी बिडिंग प्रोफाईल, आवश्यकता अनुसार दस्तावेजों एवं सिस्टम द्वारा चाही गई सूचनाओं को अद्यतन (Upload) किया जाना होगा। अतः आवेदक से अपेक्षा की जाती है कि नीलामी में भाग लेने से पूर्व उक्तानुसार प्रकिया समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रोफाईल अनुमोदित होने के पश्चात ही बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने योग्य होगा।
5. नीलामी से संबंधित नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पालिका सांभरलेक मे सम्पर्क कर एवं वेबसाईट https://lsgeauction.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/9805 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

CAVEAT NOTICE
IN THE RAJASTHAN CIVIL SERVICES APPELLATE TRIBUNAL AT JAIPUR
APPEAL No. /2025 Versus State of Rajasthan & Ors.

1. State of Rajasthan through Secretary, Panchayati Raj and Rural Development Department, Government of Rajasthan, Secretariat, Jaipur-302005
2. Commissioner, Panchayati Raj and Rural Development Department, Government of Rajasthan, Secretariat, Jaipur-302005
3. Deputy Commissioner and Joint Administrative Secretary (II), Panchayati Raj and Rural Development Department, Rajasthan, Government Secretariat, Jaipur-302005.
4. Chief Executive Officers, All Districts, Panchayati Raj and Rural Development Department.

CAVEATOR / PROPOSED RESPONDENTS

VERSUS

Any person / Additional Block Development Officeras per seniority list dated 01.04.2022, 01.04.2023, 01.04.2024, 01.04.2025

RESPONDENT / APPREHENDED APPELLANT

CAVEAT UNDER RULE 37 OF RAJASTHAN CIVIL SERVICES (SERVICES APPELLATE TRIBUNAL RULES).THE CAVEATOR ABOVE NAMED MOST RESPECTFULLY BEGS TO SUBMIT AS UNDER:
MOST RESPECTFULY SHOWETH,
That the caveator is State of Rajasthan through its Department of Panchayati Raj and Rural Development and has vide Rajkaaj Ref. No. 17580876 dated 04.09.2025 had issued provisional seniority list for Additional Block Development Officer of Rajasthan Rural Development and Panchayati Raj State and Subordinate Services as per 1st April 2022,1st April 2023,1st April 2024,1st April 2025.
Any person /Additional Block Development Officerof Rajasthan Rural Development and Panchayati Raj State and Subordinate Servicesmay be aggrieved by the said order of provisional seniority list may file an appeal before the Hon'ble Rajasthan Civil Services Appellate Tribunal and may pray for the stay of the provisional seniority list Rajkaaj Ref. No. 17580876 dated 04.09.2025 by the caveator State.
It is prayed that the caveator / proposed respondent apprehend that during the course of seniority and promotion will be affected if any appeal preferred by the aggrieved parties seeking interim relief / reliefs is allowed. The caveator has engaged Miss. Radhika Maharwal, Advocate,Additional Standing Government Counsel, Department of Panchayati Raj and Rural Developmentas its counsel to argue and oppose the application for interim relief filed by the proposed petitioners along with their petition. In the facts and circumstances of the case, this Hon'ble Tribunal may kindly permit the caveator to appear through its counsel and argue the case at the time of hearing on the application for grant of interim relief.
It is, therefore,prayed that this Hon'ble Tribunal may kindly allow this application and permit the caveator to appear and argue at the time of hearing on the petition/interim application, if any, filed by the proposed petitioner, in the interest of justice.

Radhika Maharwal
Advocate
(Additional Standing Government Counsel,
Rajasthan Civil Services Appellate Tribunal at Jaipur)

Raj.Samwad/C/25/9860

इनामी अपराधी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

भीलवाड़ा। जिले की गुलाबपुरा थाना पुलिस एवं साइबर थाना भीलवाड़ा के सहयोग से वर्ष 2021 में एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे अपराधी पर 15 हजार का इनाम घोषित था, जिस पर अपराधी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हनुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरीश मधुकर सावंत (45) निवासी महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी, कासार वड़वल्ली, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। साइबर सेल भीलवाड़ा, गुलाबपुरा पुलिस ने संयुक्त रूप से 6 सदस्यों की टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (निसं)। सविना थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र तितरड़ी ठाकुरदाता चौराहा निवासी राहुलसिंह पुत्र जसवन्तसिंह ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर एएसआई रामनाथ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)

क्रमांक : न.प./सफाई शाखा/2025–26/17650379 दिनांक :– 11.09.2025

ई–निविदा सूचना 54 वर्ष 2025–26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा कार्य की निविदा आईडी नम्बर DLB2526A5780 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

UBN Code :-DLB2526SLOB17663

राज.संवाद/सी/25/9978 आयुक्त, नगरपरिषद् चूरू

कार्यालय नगरपालिका खुडाला फालना स्टेशन जिला–पाली
टेलि न./फैक्स न. – (02938) 236170/236883, ई–मेल – eombfalna@gmail.com

Notice Inviting Bid

Bids for Development Work Of Subject matter(s) of Procurement are invited from interested bidders From 05:00 PM Date 09-09-2025 to 22-09-2025 Date 05:00 PM Other particulars of the bid may be Visited on the procurement portal (http://Sppp.raj.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and Muncipal Board Khudala-Falna Office,
UBN :-DLB2526WSOB17204, DLB2526WSOB17206

Raj.Samwad/C/25/9825 Executive Officer

कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)
(लालबहादुर शास्त्री टाउन हॉल, सूरजपोल के पास, पाली, पिनकोड-306401) टेली-फैक्स:- 02932-250033, ई-मेल :- cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक :- प.5( )भण्डार/2025/105 दिनांक :- 08/09/2025

ई-निविदा सूचना

नगर निगम पाली में भण्डार कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है निविदा सम्बन्धी जानकारी व अन्य शर्ते निगम कार्यालय एवं एवं वेबपार्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल व http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No. DLB2526WSOB17236 के जरीये देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/9882 आयुक्त नगर निगम पाली

MUNICIPAL COUNCIL LALSOT DISTT. DAUSA

S.No.:-NPL./works/2025/ 2951 Date:- 11-09-2025

NIB –01/2025-26

Municipal Board Lalsot invites online open competitive bids for various types of works through Scheme from interested bidder upto 23-09-2025 till 06:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in and at office.
UBN:-DLB2526WSOB17465, 17470 , 17475

Raj.Samwad/C/25/9994
President Municipal council Lalsot
Commissioner Municipal council Lalsot